**सामान्य निर्देश :**

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए :

*(i)* इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

*(ii)* प्रश्न-पत्र **पाँच** खण्डों में विभाजित है – **खण्ड क, ख, ग, घ** एवं **ङ**।

*(iii)* **खण्ड क** – प्रश्न संख्या *1* से *12* तक बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न *1* अंक का है।

*(iv)* **खण्ड ख** – प्रश्न संख्या *13* से *18* तक लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न *2* अंकों का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **50** से **60** शब्दों में लिखिए।

*(v)* **खण्ड ग** – प्रश्न संख्या *19* से *23* तक दीर्घ-उत्तरीय प्रकार-*I* के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न *4* अंकों का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **100** से **120** शब्दों में लिखिए।

*(vi)* **खण्ड घ** – प्रश्न संख्या *24* से *26* अवतरण, कार्टून तथा मानचित्र-आधारित प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न *4* अंकों का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर यथानुसार लिखिए।

*(vii)* **खण्ड ङ** – प्रश्न संख्या *27* से *30* तक दीर्घ-उत्तरीय प्रकार-*II* के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न *6* अंकों का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **170** से **180** शब्दों में लिखिए।

*(viii)* प्रश्न-पत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं है। यद्यपि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है। इन प्रश्नों में से केवल **एक** ही प्रश्न का उत्तर लिखा जाए।

*(ix)* इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए फोटो तथा मानचित्र आदि आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अन्य प्रश्न दिया गया है। इन प्रश्नों के उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थी ही लिखें।

## खण्ड क

प्रश्न संख्या *1* से *12* तक बहुविकल्पीय प्रकार के *1* अंक के प्रश्न हैं। $12\times1=12$

**1.** निम्नलिखित में से किसको संयुक्त राष्ट्र संघ की एजेंसी **नहीं** माना जाता है ?

(A) विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यू.एच.ओ.)

(B) सयुक्त राष्ट्र शैक्षणिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को)

(C) संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त (यू.एन.एच.सी.आर.)

(D) विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यू.टी.ओ.)

**2.** किस भाषा के आधार पर आंध्र प्रदेश का निर्माण किया गया था ?

(A) तेलुगु (B) मलयालम

(C) तमिल (D) कन्नड़

11. भारत का संविधान किस तिथि को अंगीकृत किया गया था ?

(A) 24 नवंबर, 1949 (B) 26 नवंबर, 1949

(C) 24 जनवरी, 1950 (D) 26 जनवरी, 1950

12. उस प्रधान मंत्री का नाम चुनिए जिसने 1989 में नेशनल फ्रंट की सरकार का नेतृत्व किया था।

(A) चन्द्र शेखर (B) वी.पी. सिंह

(C) पी.वी. नरसिम्हा राव (D) एच.डी. देवे गौड़ा

## खण्ड ख

13. सुरक्षा की पारंपरिक अवधारणा को स्पष्ट कीजिए। 2

14. सुरक्षा के लिए नवीन खतरे के रूप में 'महामारियों' से निपटने के लिए कोई दो उपाय सुझाइए। 1+1=2

15. मैसूर में हुए काँग्रेस अधिवेशन में घोषित 'समाजवादी बनावट वाले समाज' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सरकार ने दूसरी पंचवर्षीय योजना के दौरान किस प्रकार कार्य किया ? स्पष्ट कीजिए। 2

16. यूरोपीय संघ को एक प्रभावशाली क्षेत्रीय संगठन क्यों माना जाता है ? कोई दो कारण लिखिए। 2

17. पहले तीन आम चुनावों में काँग्रेस पार्टी के प्रभुत्व के कोई दो कारण स्पष्ट कीजिए। 1+1=2

18. स्वतंत्रता के प्रारंभिक वर्षों में भारत द्वारा अनौपवेशीकरण के हित में किए गए किन्हीं दो प्रयासों का वर्णन कीजिए। 2×1=2

## खण्ड ग

19. (क) ऐसे किन्हीं दो ग़ैर-सरकारी संगठनों के योगदान की व्याख्या कीजिए जो विश्व में मानवाधिकारों की रक्षा करने के लिए कार्य कर रहे हैं। 2+2=4

**अथवा**

(ख) ऐसे किन्हीं दो अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के योगदान को स्पष्ट कीजिए जो मानव विकास एवं अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के लिए काम कर रहे हैं। 2+2=4

20. वैश्वीकरण के भारत पर हुए किन्हीं दो नकारात्मक परिणामों की व्याख्या कीजिए। 2×2=4

21. (क) "सोवियत संघ के विघटन के बाद, भारत और रूस के संबंध नई ऊँचाइयाँ प्राप्त कर रहे हैं।" इस कथन के पक्ष में कोई चार उदाहरण दीजिए। 4×1=4

**अथवा**

(ख) "द्वितीय विश्व युद्ध के बाद सोवियत संघ को विश्व की एक महाशक्ति समझा जाता था।" किन्हीं चार तर्कों से इस कथन का समर्थन कीजिए। 4×1=4



Scanned with OKEN Scanner

(iv) निम्नलिखित में से कौन-सा देश गुट निरपेक्ष आन्दोलन का समर्थक था ?

(A) पाकिस्तान  (B) चीन

(C) जापान  (D) मिस्र

**26.** भारत के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 15 पर), में चार राज्यों को Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ और Ⓓ के रूप में अंकित किया गया है। नीचे दी गई जानकारी के आधार पर, इन राज्यों की पहचान कीजिए और अपनी उत्तर-पुस्तिका में इनके सही नाम, प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या तथा मानचित्र में दिया गया संबंधित अक्षर, नीचे दी गई तालिका के रूप में लिखिए : *1+1+1+1=4*

| प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या | मानचित्र में दिया गया संबंधित अक्षर | राज्य का नाम |
|---|---|---|
| (i) | | |
| (ii) | | |
| (iii) | | |
| (iv) | | |

(i) वह राज्य जहाँ के. कामराज मुख्यमंत्री थे और जिन्होंने स्कूल के बच्चों के लिए दोपहर का भोजन देने की योजना प्रारंभ की।

(ii) कर्पूरी ठाकुर से संबंधित राज्य जिन्होंने पिछड़े वर्ग के लिए आरक्षण प्रारंभ किया।

(iii) वह राज्य जहाँ वी.वी. गिरि एक प्रसिद्ध मज़दूर नेता थे।

(iv) प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री से संबंधित राज्य।



Scanned with OKEN Scanner

*प्रश्न संख्या 3 के लिए, दो कथन दिए गए हैं – जिनमें एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) द्वारा अंकित किया गया है। इन कथनों को ध्यान से पढ़िए और नीचे दिए गए विकल्पों (A), (B), (C) और (D) में से उत्तर के रूप में सही विकल्प चुनिए।*

3. *अभिकथन (A) :* आज़ादी प्राप्त करने के बाद पहली चुनौती भारत की एकता को बनाए रखना था।

   *कारण (R) :* भारत के उप-प्रधान मंत्री एवं गृह मंत्री, सरदार पटेल ने भारत के एकीकरण में महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा की।

   विकल्प :

   (A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

   (B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या *नहीं* करता है।

   (C) अभिकथन (A) ग़लत है, परंतु कारण (R) सही है।

   (D) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) ग़लत है।

4. निम्नलिखित में से कौन-सा शस्त्र नियंत्रण का एक उदाहरण *नहीं* है ?

   (A) एंटी-बैलिस्टिक मिसाइल (ए.बी.एम.) संधि

   (B) सामरिक अस्त्र परिसीमन संधि II (एस.ए.एल.टी. II)

   (C) सैन्य गठबन्धन

   (D) सामरिक अस्त्र न्यूनीकरण संधि (एस.टी.ए.आर.टी.)

5. निम्नलिखित में से किस स्थान पर विस्थापित लोगों की विश्व में सबसे अधिक संख्या पाई जाती है ?

   (A) मध्य पूर्व और उत्तरी अफ्रीका (B) अफ्रीका

   (C) यूरोप (D) एशिया और प्रशांत

6. निम्नलिखित घटनाओं को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए :

   (i) मिखाइल गोर्बाचेव कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव बने

   (ii) रूस में समाजवादी क्रांति

   (iii) लोगों द्वारा बर्लिन की दीवार तोड़ना

   (iv) सोवियत संघ का विघटन

   सही विकल्प चुनिए :

   (A) (ii), (i), (iii), (iv) (B) (i), (ii), (iii), (iv)

   (C) (iv), (iii), (ii), (i) (D) (iii), (ii), (iv), (i)



Scanned with OKEN Scanner

(iv) निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प कार्टून द्वारा दिए गए सन्देश की सबसे सही अभिव्यक्ति है ?

(A) चीन केवल अमरीकी अर्थव्यवस्था के लिए खुला है।

(B) चीन ने अमरीका के साथ व्यापारिक सम्बन्ध स्थापित कर लिए हैं।

(C) चीन केवल यूरोपीय देशों के साथ कार्य करता है।

(D) चीन ने डालर को अपनी मुद्रा बना लिया है।

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **24** के स्थान पर हैं :* $4 \times 1 = 4$

(24.1) आसियान के किसी एक संस्थापक सदस्य का नाम लिखिए।

(24.2) यूरोपीय संघ की स्थापना किस वर्ष हुई थी ?

(24.3) उस देश का नाम लिखिए जिसने संयुक्त राज्य अमरीका से संबंध बना कर अपने आर्थिक एकांतवास को समाप्त किया।

(24.4) किस देश की अर्थव्यवस्था विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है ?

**25.** निम्नलिखित अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1+1+1+1=4$

भारत ने गुट-निरपेक्षता की विदेश नीति को आदर्श माना। संतुलन साधने की यह कठिन कोशिश थी और कभी-कभी संतुलन बहुत कुछ नहीं भी सध पाता था। 1956 में जब ब्रिटेन ने स्वेज़ नहर के मामले को लेकर मिस्र पर आक्रमण किया तो भारत ने इस नव-औपनिवेशिक हमले के विरुद्ध विश्वव्यापी विरोध की अगुवाई की। इसी साल सोवियत संघ ने हंगरी पर आक्रमण किया था लेकिन भारत ने सोवियत संघ के इस कदम की सार्वजनिक निंदा नहीं की। ऐसी स्थिति के बावजूद, कमोबेश भारत ने विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय मामलों पर स्वतंत्र रवैया अपनाया। उसे दोनों खेमों के देशों ने सहायता और अनुदान दिए।

(i) निम्नलिखित में से किस नेता ने भारत की विदेश नीति की रचना और क्रियान्वयन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई थी ?

(A) जवाहरलाल नेहरू (B) सरदार पटेल

(C) महात्मा गाँधी (D) सुभाष चंद्र बोस

(ii) सितम्बर 1961 में गुट-निरपेक्ष आंदोलन की पहली बैठक किस शहर में हुई थी ?

(A) नई दिल्ली (B) बेलग्रेड

(C) कायरो (काहिरा) (D) बॉम्बे (मुम्बई)

(iii) उन दो खेमों की पहचान कीजिए जिनसे भारत दूरी बनाए रखना चाहता था।

(A) संयुक्त राज्य अमेरिका और फ्रांस

(B) सोवियत संघ और फ्रांस

(C) संयुक्त राज्य अमेरिका और सोवियत संघ

(D) संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन

7. सोवियत संघ के तीन गणराज्यों के उस समूह को चुनिए जिन्होंने यह घोषित किया कि सोवियत संघ समाप्त हो गया।

(A) रूस, ताजिकिस्तान, बेलारूस

(B) यूक्रेन, कज़ाकिस्तान, जार्जिया

(C) रूस, यूक्रेन, बेलारूस

(D) आर्मेनिया, जार्जिया, बेलारूस

8. निम्नलिखित प्रधान मंत्रियों में से किसने भारतीय अर्थव्यवस्था की दिशा को तेजी से बदला ?

(A) अटल बिहारी वाजपेयी

(B) चन्द्र शेखर

(C) वी.पी. सिंह

(D) पी.वी. नरसिम्हा राव

9. नीचे दो कथन दिए गए हैं :

*कथन I* : संयुक्त राष्ट्र की स्थापना 1945 में की गई थी।

*कथन II* : संयुक्त राष्ट्र की स्थापना लीग ऑफ नेशन्स के उत्तराधिकारी के रूप में की गई थी।

उपर्युक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :

(A) कथन I और कथन II दोनों सही हैं।

(B) कथन I और कथन II दोनों ग़लत हैं।

(C) कथन I सही है, परंतु कथन II ग़लत है।

(D) कथन I ग़लत है, परंतु कथन II सही है।

10. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन भारतीय जनसंघ के बारे में सही ***नहीं*** है ?

(A) भारत और पाकिस्तान का अखंड भारत में पुनर्एकीकरण।

(B) हिन्दी, भारत की आधिकारिक भाषा हो।

(C) इसने भारत के द्वारा आण्विक हथियारों के विकास का समर्थन किया।

(D) इसने काँग्रेस के साथ सीमित सहयोग का समर्थन किया।



Scanned with OKEN Scanner

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **26** के स्थान पर हैं :* $4 \times 1 = 4$

(26.1) भारत के दूसरे प्रधान मंत्री का नाम लिखिए।

(26.2) भारत में चौथा आम चुनाव किस वर्ष हुआ था ?

(26.3) 1969 में निर्वाचित राष्ट्रपति का नाम लिखिए।

(26.4) 1967 के चुनावों में काँग्रेस पार्टी कितने राज्यों में बहुमत प्राप्त नहीं कर सकी थी ?

## खण्ड ङ

**27.** (क) प्रथम पृथ्वी सम्मेलन में उठाए गए प्रमुख कदमों और पर्यावरणीय मुद्दों को सुलझाने में इसको प्राप्त सफलता का विश्लेषण कीजिए। 6

**अथवा**

(ख) संसाधनों की भू-राजनीति तथा वैश्विक राजनीति के लिए जल संसाधन की प्रासंगिकता का विश्लेषण कीजिए। 6

**28.** (क) 1979 से 1985 तक असम में बाहरी लोगों के विरुद्ध चले आंदोलन के किन्हीं तीन कारणों का विश्लेषण कीजिए। $3 \times 2 = 6$

**अथवा**

(ख) 1967 से 1985 तक पंजाब में अशान्ति और हिंसा के किन्हीं तीन कारणों का विश्लेषण कीजिए। $3 \times 2 = 6$

**29.** (क) सार्क के सदस्य देशों के बीच सहयोग के किन्हीं दो क्षेत्रों तथा संघर्ष के किन्हीं दो क्षेत्रों का वर्णन कीजिए। $3 + 3 = 6$

**अथवा**

(ख) ऐसी किन्हीं तीन घटनाओं का वर्णन कीजिए जो यह दर्शाती हैं कि सभी दक्षिण एशियाई देशों के लोग अपने देश में लोकतंत्र की स्थापना चाहते हैं। $3 \times 2 = 6$

**30.** (क) भारत में गठबंधन की राजनीति के किन्हीं दो सकारात्मक और किन्हीं दो नकारात्मक परिणामों का वर्णन कीजिए। $3 + 3 = 6$

**अथवा**

(ख) 1990 से भारतीय राजनीति में अन्य पिछड़े वर्ग के उदय को सिलसिलेवार लिखिए। इसके उदय में मंडल आयोग की भूमिका का भी उल्लेख कीजिए। 6



Scanned with OKEN Scanner

22. 1975 में घोषित आपातकाल से सीखे गए किन्हीं दो पाठों (सबकों) की व्याख्या कीजिए। 2×2=4

23. विभाजन के समय देश के कुछ भागों में सांप्रदायिक तनाव और हिंसा को कम करने में महात्मा गाँधी की भूमिका को स्पष्ट कीजिए। 4

## खण्ड घ

24. नीचे दिए गए कार्टून का अध्ययन कीजिए और इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1+1+2=4




(i) निम्नलिखित में से कौन-सा वैध कारण चीन का प्रतिनिधित्व करने के लिए 'साइकिल' को चुनने के लिए सही है ?

(A) साइकिल का प्रयोग करने में चीन विश्व का सबसे अग्रणी देश है।

(B) यह चीन की कम्युनिस्ट पार्टी का प्रतीक चिह्न है।

(C) यह चीन की गरीबी को दर्शाती है।

(D) चीन में साइकिल चलाना एक लोकप्रिय खेल है।

(ii) साइकिल के पिछले पहिये में 'डालर' क्या दर्शाता है ?

(A) चीन पर अमरीकी अर्थव्यवस्था का प्रभाव

(B) दोनों के बीच आधे-आधे की भागीदारी

(C) चीन की अमरीकी अर्थव्यवस्था पर निर्भरता

(D) अमरीका द्वारा चीन को दी गई आर्थिक सहायता

(iii) चीन में प्रारम्भिक वर्षों में किस प्रकार की अर्थव्यवस्था थी ?


(A) पूँजीवादी (B) उदारवादी

(C) समाजवादी (D) मिश्रित



Scanned with OKEN Scanner

प्रश्न सं. 26 के लिए






Scanned with OKEN Scanner